पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

(राजभवन सूचना परिसर) 21,**अक्टूबर** 2023

राज्यपाल ने बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय(बीबीएयू),लखनऊ को नैक में ए डबल प्लस ग्रेड प्राप्त होने पर बधाई दी।

शिक्षण व कार्य व्यवस्था की गुणवत्ता को निरंतरता से उत्कृष्ट करते रहें।

-राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

------

21 **अक्टूबर** , 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय(बीबीएयू),लखनऊ को नैक में ए डबल प्लस ग्रेड प्राप्त होने पर बधाई देते हुए विश्वविद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी हैं। लखनऊ में बीबीएयू दूसरा विश्वविद्यालय हो गया है,जिसे यूजीसी के स्वायत्त संस्थान राष्ट्रीय मूल्यांकन व प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा मूल्यांकन में ए डबल प्लस मिला है। इससे पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को नैक द्वारा मूल्यांकन में ए डबल प्लस ग्रेड प्राप्त कर चुका है।

राज्यपाल जी ने बी बी यूं इस उपलब्धि के लिए कुलपति , शिक्षकों,कर्मचारियों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षण व कार्य व्यवस्था की गुणवत्ता को निरंतरता से उत्कृष्ट करते रहने के लिए प्रेरित किया है।

डा0 सीमा गुप्ता,

सहायक निदेशक सूचना ,

राजभवन

सम्पर्क सूत्र- 8318116361